News सिटी चीफ

वर्ष-15, अंक-121
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

**आज का विचार**
उम्मीद रखना ऊँची उड़ानों की छांव में ना खो जाना तुम, ठोकरों से सीख लेना ज़रा सफर जारी रखना तुम।

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

# बिहार सिटी चीफ

बिहार, सोमवार 05 अगस्त 2024

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार



# नीतीश के करीबी पूर्व MLC का बॉडी गार्ड गिरफ्तार

## दारू पीकर हंगामा करते हुआ अरेस्ट

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

मुजफ्फरपुर, बिहार में शराबबंदी कानून लागू है। इसे अच्छे से लागू करवाने की बड़ी जिम्मेदारी बिहार पुलिस पर है। लेकिन, कभी-कभी पुलिस वाले ही बार बार इस कानून की धज्जियां उड़ाते हैं। इसी कड़ी में अब एक ताजा सियासी गलियारों से निकल कर सामने आ रहा है। जहां नीतीश के करीबी पूर्व एमएलसी का बॉडी गार्ड शराबबंदी के उल्लंघन मामले में गिरफ्तार किया गया है।



दरअसल, मुजफ्फरपुर सरैयागंज टॉवर चौक पर नशे में हंगामा करते हुए एक पूर्व एमएलसी के बॉडीगार्ड प्रद्यूमन कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार किया। ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच में उसके शराब पीने की पुष्टि हुई। आरोपित बॉडीगार्ड नालंदा जिले के नूरसराय का रहने वाला है। एफआईआर होने के बाद उसे निलंबित कर दिया गया है। यह सिपाही नीतीश कुमार के करीबी और पूर्व एमएलसी गणेश भारती का है। इसके बाद मुजफ्फरपुर नगर थाने की पुलिस ने उसे शुक्रवार रात हिरासत में लिया था। वहीं, इस मामले में नगर थानेदार शरत कुमार ने बताया कि पुलिस जवान को नशे की हालत में हंगामा करते देखकर किसी ने डायल 112 पर कॉल कर इसकी जानकारी मुख्यालय को दी। मुख्यालय के निर्देश पर नगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपित सिपाही वहीं मिल गया। इसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। थाने पर लाकर जांच की गई तो उसके शराब पीने की पुष्टि हुई। इसके बाद एफआईआर दर्ज की गई। आरोपित को शनिवार को कोर्ट में पेश किया गया। साथ ही सिपाही के नशे में पकड़े जाने की सूचना पुलिस लाइन को भेजी गई।

उधर, बताया जा रहा है कि शुक्रवार की रात पूर्व एमएलसी गणेश भारती का बॉडीगार्ड पुलिस कांस्टेबल प्रद्युम्न कुमार शहर के बीचो बीच सरैया गंज टावर के पास हंगामा कर रहा था। आसपास के लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। 112 पर डायल करने के बाद पुलिस पहुंची। उसके बाद भी सिपाही हंगामा करने से बाज नहीं आया। तत्काल उसे पुलिस हिरासत में ले लिया गया। नगर थाना के प्रभारी शरत कुमार ने बताया कि ब्रेथ एनालाइजर से टेस्ट में शराब पीने की पुष्टि के बाद फिर दर्ज किया गया और कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# गिरोह के सरगना समेत दो शातिर बदमाश अरेस्ट

## लूट की बड़ी वारदात को दिया था अंजाम

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

मोतिहारी, मोतीहारी पुलिस को अंतरराज्यीय डकैत गिरोह के सरगना समेत लाइनर की भूमिका निभाने वाले फाइनेंस कर्मी को गिरफ्तार किया है। हरसिद्धि में फाइनेंस कर्मी को बंधक बनाकर लगभग 8 लाख लूट की वारदात और चिरैया में फाइनेंस कर्मी से 5 लाख की लूट करने वाले बेतिया के सरगना अप्पू यादव को पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर दबोचा है।



एसपी कांतेश मिश्रा ने बताया कि बेतिया का रहने वाले 14 कांडों में शामिल अप्पू यादव वांछित अपराधी है। उसने फाइनेंस कर्मी की मिलीभगत से फाइनेंस कर्मी की मिलीभगत से हरसिद्धि में बंदूक की नोक पर 8 लाख की लूट की थी, उसको गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अपराधी के पास से 1 लाख 45 हजार कैश और देसी कट्टा, गोली और डकैती कांड में इस्तेमाल दो मोटरसाइकिल को भी जब्त किया है।

बता दें कि पिछले महीने ही स्पंदना स्फूर्ति फाइनेंस लिमिटेड के ऑफिस में बंदूक दिखाकर तकरीबन आठ लाख रुपए की लूट हुई थी। एसपी ने डीएसपी रंजन कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन हुआ और वैज्ञानिक और तकनीकी साक्ष के आधार पर अपराधी की गिरफ्तारी हुई है। गिरफ्तार अपराधी पप्पू यादव बेतिया मोतिहारी और बगहा में लूट, डकैती और छिनतई का मुख्य आरोपी रहा है।

# वैशाली: भोले बाबा के भजन पर झूम रहे थे कांवड़िए

## अचानक DJ ट्रॉली में करंट लगने से मची चीख-पुकार, 9 की मौत

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

वैशाली, वैशाली जिले में रविवार को कांवड़ यात्रा के दौरान बड़ा हादसा हो गया. कांवड़ यात्रा में शामिल एक डीजे ट्रॉली में करंट लगने से 9 लोगों की मौत हो गई. बताया जा रहा है कि भोले बाबा के भजनों पर झूमते हुए डीजे ट्रॉली पर सवार होकर ये कांवड़िए जा रहे थे, मगर अचानक डीजे ट्रॉली का एक हिस्सा हाई टेंशन वायर में सट गया. इसके बाद हाहाकार मच गया. हाजीपुर औधोगिक थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर की घटना है.



बताया जा रहा है कि मरने वाले सभी कम उम्र के हैं. ये सभी डीजे ट्रॉली के ऊपर सवार हो कर पहलेजा घाट जा रहे थे. वहां से जल लेकर अपने गांव के मंदिर में जलाभिषेक करते लेकिन उससे पहले ही बड़ा हादसा हो गया. डीजे ट्रॉली जैसे ही सुल्तानपुर गांव से निकली वैसे ही ऊपर से गुजर रहे 11 हजार बोल्ट हाई टेंसन तार की चपेट में डीजे का हॉर्न सट गया और ट्रॉली में करंट आ गया. इससे ट्रॉली में आग भी लग गई और उसपर सवार सभी लोग जिंदा जल गए.

घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई. इसके बाद ग्रामीणों ने बिजली विभाग को फोन कर लाइन कटवाई, तब तक 9 लोगों की मौत हो चुकी थी. बताया गया कि मरने वालों में चार सुल्तानपुर गांव के जबकि बाकी पांच नगर थाना क्षेत्र के जढ़ूआ बढई टोला के रहने वाले थे. वहीं, घटना के बाद मौके पर एसडीएम, एसडीपीओ सहित भारी संख्या में पुलिस बल पहुंची लेकिन लोगों के आक्रोश को देखते हुए घंटों बाद लोगों को समझा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लाया गया.

## वैशाली में कोचिंग सेंटर और निजी संस्थानों की सुरक्षा जांच के लिए टीम

# सभी कोचिंग संस्थानों के लिए प्रशासन की नई पहल

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

वैशाली, वैशाली के जिला मजिस्ट्रेट श्री यशपाल मीणा और पुलिस अधीक्षक श्री हर किशोर राय द्वारा सभी कोचिंग सेंटर के साथ-साथ निजी स्कूलों, अस्पताल, होटल, लॉज, रेस्टोरेंट, शॉपिंग मॉल, धर्मशाला और बैंक्वेट हॉल के बेसमेंट के सुरक्षा मानकों की जांच के लिए एक संयुक्त आदेश से टीम गठित कर दी गई है।




एसडीएम की अध्यक्षता में गठित जांच दल में एसडीपीओ उपाध्यक्ष होंगे। इसके साथ ही सिविल सर्जन, जिला अग्निशमन पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति कार्यपालक, अभियंता अभियन्ता,भवन प्रमंडल , नगर कार्यपालक पदाधिकारी, संबंधित क्षेत्र के अंचलाधिकारी, संबंधित क्षेत्र के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी तथा संबंधित क्षेत्र के थाना अध्यक्ष इस टीम के सदस्य होंगे। जांच टीम को 15 दिन के भीतर प्रतिवेदन देना है। जांच टीम को कोचिंग एवं अन्य संस्थानों के निबंधन की स्थिति, सुरक्षा मानकों के अनुपालन की स्थिति ,बिल्डिंग बायलॉज, फायर एग्जिट की व्यवस्था, आपातकाल में प्रवेश और निकास की व्यवस्था, संस्थान में छात्रों की संख्या के अनुरूप बैठने की व्यवस्था तथा संस्थान में बिजली की तारों की मानक के अनुरूप की व्यवस्था की जांच होगी।

जांच के दौरान फोटोग्राफी भी कराए जाएंगे।

सुरक्षा मानकों के अनुपालन में कमी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

जिला पदाधिकारी ने कहा कि प्रशासन के लिए विद्यार्थियों और आम जनों की सुरक्षा सर्वोपरि है। सुरक्षा मानकों का अक्षरश: अनुपालन किया जाए।

# पूर्णिया यूनिवर्सिटी की वेबसाइट हैक

## मलेशिया में बैठे ठगों ने कर दिया कारनामा

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

पूर्णिया, साइबर अपराधी अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहे हैं। इस बार मलेशिया में बैठकर पूर्णिया यूनिवर्सिटी की वेबसाइट को हैक कर दिया। एक बार नहीं बल्कि दो बार वेबसाइट को हैक किया गया। पहली बार रविवार की दोपहर 1 बजकर 45 मिनट पर 15 मिनट तक के लिए हैक किया गया।

2 बजे वेबसाइट खुद ठीक हो गया। वही मलेशिया में बैठे हैकरों ने दूसरी बार शाम के 5 बजकर 5 मिनट पर पूर्णिया विश्वविद्यालय पूर्णिया के वेबसाइट को हैक किया। इस बार 2 घंटे के लिए वेबसाइट को हैक किया गया। पूर्णिया यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर राजनाथ यादव ने इस बात की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पांच घंटे में दो बार पूर्णिया यूनिवर्सिटी की वेबसाइट हैक हुई है। यह काम साइबर अपराधियों ने मलेशिया से किया था। जिसके बाद वेबसाइट को मेंटेनेंस पर रखा गया है। उन्होंने बताया कि पहले भी फर्जीवाड़ा किया गया था। यूनिवर्सिटी की फर्जी वेबसाइट बना लिया गया था। अब इस मामले में यूनिवर्सिटी की ओर से एफआईआर दर्ज किया जाएगा। वही उन्होंने यह भी बताया कि वेबसाइट के हैक होने से यूनिवर्सिटी के डाटा पर किसी तरह का कोई असर नहीं पड़ा है। सभी डाटा सुरक्षित है।

# बिहार में एक बार फिर मौसम विभाग का अलर्ट जारी

**पटना:** बिहार में फिर से मानसून सक्रिय हो चुका है। बारिश से जहां एक तरफ गर्मी से राहत मिली है तो वहीं दूसरी तरफ परेशानियों का भी सामना करना पड़ रहा है। लगातार हो रही वर्षा के कारण कई जिलों में नदियां उफान पर हैं। वहीं मौसम विभाग ने सोमवार को राज्य के 8 जिलों में बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है। मेघ गर्जन के साथ वज्रपात और बारिश की संभावना भी जताई है। मौसम विभाग ने बिहार के 8 जिलों में बारिश की आशंका जताई है। इसमें किशनगंज, मधुबनी, सुपौल, अररिया, सीतामढ़ी, शिवहर, पश्चिमी चंपारण और पूर्वी चंपारण जिला शामिल है। उत्तर बिहार में भी कुछ जगहों पर गर्जन के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। इस बाबत मौसम विभाग ने येलो अलर्ट भी जारी किया है। वहीं बिहार में सोमवार को अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 29 डिग्री रहने का अनुमान है। इस बीच 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तूफानी हवा भी चलेगी। आपदा प्रबंधन विभाग ने लोगों से अपील की है कि बारिश के दौरान घरों से बाहर निकलने से बचे।

## गोपालगंज में सेक्स रैकेट का खुलासा

# आपत्तिजनक हालत में मिले 2 महिला और 2 पुरुष, मोबाइल और कंडोम बरामद



**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

गोपालगंज, गोपालगंज में सेक्स रैकेट का पर्दाफाश किया गया है। नगर थाना पुलिस की नारायणी टीम ने साधु चौक स्थित नर्सरी के पास स्थित एक मकान में छापेमारी कर देह व्यापार के धंधे का खुलासा किया।

मौके से पुलिस ने एक मोबाइल और चार कंडोम बरामद किया गया है वही 2 महिला और 2 पुरुषों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस को इस बात की गुप्त सूचना मिली थी कि नगर थाना क्षेत्र के साधू चौक गंगा नर्सरी के पास एक घर में देह व्यापार का धंधा का बहुत दिनों से चल रहा है।

इस बात की सूचना मिलते ही एक टीम (नारायणी और थाना टीम) का गठन किया गया और उस जगह पर छापेमारी की गयी।

मौके से चार लोगों को पकड़ा गया। जिसमें दो महिला और दो पुरुष शामिल हैं।

पकड़े गये चारों की पहचान उमरातन खातुन, बुली मियां, सीमा देवी और जावेद आलम के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके से 4 कंडोम बरामद किया है। नगर थाने में केस दर्ज किया गया है।

घर का कमरा काफी गंदा मिला और आस-पास पान, गुटखा, सिगरेट पीकर फेका हुआ पाया गया।

इससे यह स्पष्ट होता है कि उक्त घर में अनैतिक देह व्यापार का धंधा चलाया जाता था।

मौके से एक मोबाइल, 4 पीस कंडोम पैक और एक प्रयोग किया हुआ बरामद किया गया है। गिरफ्तार चारों की पहचान हो गयी है।

1. उमरातन खातुन पति बूली मियाँ सा0 साधू चौक वार्ड नं0 06, थाना नगर
2. बूली मियों पिता स्व0 कलकती मियां सा0 साधू चौक वार्ड नं0 06, थाना नगर
3. सीमा देवी पति प्रदीप यादव सा0 जमुना बाजार थाना भोरे
4. जावेद आलम पिता रोजदीन मियां सा0 गोविन्दापुर वार्ड नं0-07 थाना मांझागढ़ ।